प्रेस नोट संख्या - 21

दिनांक 11.10.2026

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा लूट का खुलासा, लूट का 01 लॉकेट, घटना में प्रयुक्त 01 अदद चाकू एवं अन्य 03 लॉकेट व 01 कंगन के साथ 03 अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्ता गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11.10.2026 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 309/26 धारा 309(4) बी0एन0एस0 थाना मोहनगंज से संबंधित 03 अभियुक्ताओं 1.मोनिका पत्नी विकास रैदास निवासी लतीफपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 32 वर्ष, 2. सविता पत्नी रविन्दर निवासी कोइरीपुर थाना चांदा जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 36 वर्ष व 3. रीना उर्फ लालमती पत्नी प्रकाश निवासी काखभार थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 42 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता सविता के कब्जे से बरामद बैग से कुल 04 लॉकेट (पीली धातु) मय मोतियों की माला के, 01 कंगन (पीली धातु) व 01 चाकू बरामद हुआ।

पूछताछ में अभियुक्ताओं ने बताया कि वह सभी मिलकर कथा व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर लूट करतीं हैं। बरामद 04 लॉकेट मय माला में से 01 लॉकेट को दिनांक 10.10.2026 को उन तीनों ने चौराबाग के निकट 01 महिला जो अकेले जा रही थी, उससे चाकू दिखाकर लूट लिया था। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुये थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्ताओं का नाम व पता–

1. मोनिका पत्नी विकास रैदास निवासी लतीफपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 32 वर्ष।
2. सविता पत्नी रविन्दर निवासी कोइरीपुर थाना चांदा जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 36 वर्ष।
3. रीना उर्फ लालमती पत्नी प्रकाश निवासी काखभार थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 42 वर्ष।

बरामदगी-

1. लूट का 01 लॉकेट। (पीली धातु)
2. घटना में प्रयुक्त 01 चाकू।
3. अन्य 03 लॉकेट व 01 कंगन। (पीली धातु)

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 309/26 धारा 309(4), 317(2) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. म0उ0नि0 प्रेमशीला सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. हे0का0 आशीष यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. म0का0 कोमल रावत थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
6. म0का0 मौखिक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

अभियुक्ता मोनिका का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 144/25 धारा 303(2), 317(2), 31(2) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या।
2. मु0अ0सं0 147/25 धारा 310(4), 310(5) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या।